बरकतउल्ला विश्वविद्यालय,भोपाल

क्रमांकः 1194 /परीक्षा/2020 भोपाल, दिनांकः 12/10/2020

–पी–एच.डी.कोर्सवर्क परीक्षा अक्टूबर, 2020 में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों के लिए आवश्यक निर्देश–

1) परीक्षा के प्रवेश पत्र दिनांक 17.10.20 तक विश्वविद्यालय की वेब साइट bubhopal.ac.in पर अपलोड व प्रदर्शित होंगे एवं छात्र अपने प्रवेश पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन सर्विसेज के माध्यम से डाउनलोड कर सकते हैं। प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में किसी प्रकार की असुविधा होने पर विश्वविद्यालय के आई.टी.प्रकोष्ठ से **दूरभाष क्रमांक 0755–2517778** पर एवं कंट्रोल रूम से **दूरभाष क्रमांक 0755–2517077 एवं 0755–2517088** पर तथा कुलसचिव, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल की ई-मेल आई.डी. registrar@bubhopal.nic.in पर संपर्क किया जा सकता है।

2) छात्रों को स्वयं के पास उपलब्ध A4 / लॉंग बुक रजिस्टर पृष्ठ आकार के पेपर की उत्तर पुस्तिका का निर्माण करना होगा। उत्तर पुस्तिका के समस्त पृष्ठों को एकत्रित कर साइड से मोड़ कर तीन स्थानों पर स्टेपल करके उत्तर पुस्तिका का निर्माण किया जायेगा।

3) उत्तर पुस्तिका अधिकतम 20 पृष्ठ की (आगे व पीछे के भाग को मिलाकर) होगी। विद्यार्थी उत्तर पुस्तिका के प्रत्येक पृष्ठ पर पृष्ठ क्रमांक स्वयं दर्ज करेंगे (पृष्ठ क्रमांक 01 से 20 तक) छात्र की जानकारी वाला प्रथम पृष्ठ पृथक से होगा।

4) किसी भी प्रश्न का उत्तर 400 शब्दों से अधिक न हो।

5) छात्र परीक्षा प्रश्नपत्र नीले/काले बॉल पाइंट पैन से हल करेंगे।

6) परीक्षा के समस्त प्रश्न पत्र समय-सारिणी के अनुसार प्रातः 07.30 बजे विश्वविद्यालय की वेब साइट bubhopal.ac.in पर अपलोड व प्रदर्शित होंगे।

7) छात्रों को फैकल्टी अनुसार (संकायवार) प्रश्नपत्र का चयन करना होगा।

8) प्रश्नपत्र हल करने के उपरांत छात्र को उत्तर पुस्तिका समान दिवस (उसी दिन) दोपहर 2.00 बजे तक स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक से **कुलसचिव, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल–462 026** के पते पर प्रेषित करना अनिवार्य है। उत्तर पुस्तिका प्रेषण की रसीद आवश्यक रूप से संबंधित विषय के कोर्सवर्क समन्वयक को व्हाट्स एप ग्रुप अथवा ई-मेल आई डी पर भेजना आवश्यक है। उत्तर पुस्तिका समान दिवस (उसी दिन) पोस्ट नहीं किये जाने की स्थिति में संबंधित परीक्षा का प्रश्नपत्र निरस्त माना जावेगा जिसका उत्तरदायित्व स्वयं छात्र/छात्रा का होगा

9) स्थानीय विद्यार्थी अपनी उत्तर पुस्तिका विश्वविद्यालय के मित्र (स्वागत एवं पूछताछ) कार्यालय में स्थिति काउंटर पर दोपहर 02.00 बजे तक जमा कर सकते हैं।

10) उत्तर पुस्तिका के लिफाफे के उपर स्पष्ट अक्षरों में विषय/संकाय का नाम लिखना अनिवार्य होगा।

11) उत्तर पुस्तिका का प्रारूप का प्रथम पृष्ठ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रदर्शित है। उक्त पृष्ठ को डाउनलोड करके/हाथ से समस्त कॉलम की पूर्ति करने के उपरांत विद्यार्थी आवश्यक रूप से उक्त प्रारूप के अनुसार प्रथम पृष्ठ उत्तर पुस्तिका के उपर चस्पा/स्टैपल करेंगे साथ ही निर्धारित स्थल पर प्रवेश पत्र को चस्पा/स्टैपल करना अनिवार्य होगा। इस प्रकार से छात्र की जानकारी वाले प्रथम पृष्ठ एवं उत्तर पुस्तिका के बीस पृष्ठ के साथ उत्तरपुस्तिका कुल इक्कीस पृष्ठ की होगी।

12) उत्तर पुस्तिका विद्यार्थी द्वारा स्वयं की हस्तलिपि में प्रस्तुत की जाना आवश्यक है।

13) उक्त परीक्षा के संबंध में विश्वविद्यालय की वेब साइट bubhopal.ac.in पर अद्यतन दिशानिर्देश/सूचनाएं/अधिसूचनाएं प्रदर्शित की जावेंगी। विद्यार्थी उक्त साइट का अवलोकन करें।

12/X/20

परीक्षा नियंत्रक

noti cour work exam Oct 2020 121020